<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14.06.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और सरकार से मांगा जवाब, लंबित जनहित याचिकाओं पर आठ जुलाई को होगी सुनवाई।
2. कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीयों में झारखंड के अली हुसैन भी शामिल, आज देर शाम तक शव के रांची पहुंचने की संभावना।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची, विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा।
4. राज्य सरकार ने किसानों के दो लाख रूपये तक के लोन माफ करने का लिया निर्णय, कृषि मंत्री ने बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों को दिये निर्देश।
5. राज्य के पलामू, गढ़वा और सरायकेला में लू का भीषण प्रकोप जारी, पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार, 16 जून को प्रदेश में मानसून दे सकता है दस्तक।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज नीट–यूजी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए से दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ में मामले की सुनवाई हुई। अन्य लंबित जनहित याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत ने मुकदमेबाजी से बचने के लिए नीट–यूजी विवाद पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर निजी पक्षों को भी नोटिस जारी किया है।

*******************

कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीयों में रांची के अली हुसैन भी शामिल हैं। सभी भारतीयों का पार्थिव शरीर स्वदेश पहुंच गया है। सभी शवों को आज वायुसेना के विशेष विमान से कोच्चि लाया गया। यहां से शवों को नयी दिल्ली लाया जा रहा है। दिल्ली से शव मृतकों के गृहनगर भेजे जाएंगे। अली हुसैन का शव आज देर शाम तक रांची लाया जा सकता है। रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले 22 वर्षीय अली हसन 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए कुवैत गए थे।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज चार दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। उनके रांची पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने रांची प्रवास के दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। केन्द्रीय महिला बाल एवं विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी आज झारखंड पहुंची हैं। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के सम्मान में रांची स्थित भाजपा कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली बार झारखंड पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड में ट्रैफिकिंग और कुपोषण जैसी कई चुनौतियां का हल आने वाले दिनों में उन्हें करना है।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई साकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला

बोलते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता वर्तमान सरकार को माकूल जवाब देगी।

*******************

साहिबगंज महाविद्यालय में रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग के प्रमुख डा. अनिल कुमार को ब्लू आईज इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग एंड साइंस पब्लिकेशन एवं यूरोपीयन जर्नल ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एंड मेडिकल रिसर्च के लिए चुना गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस. आर. आई. रिजवी ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. अनिल कुमार को बधाई दी है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने ई–रिक्शा चालकों और मालिकों को चेतावनी दी है।

*******************

राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख रूपये तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किया जाएगा। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। बादल आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों की ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के गोविंदपुर हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुरुष और दो बच्चे हैं। मृतकों की अबतक पहचान नहीं हो पाई है।

*******************

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। इसे लेकर राज्य भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस सिलसिले में रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में रक्तदान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए।

*******************

उधर, रामगढ़ जिले में विश्व रक्तदाता दिवस पर सिख रेजीमेंट सैन्य अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्‌घाटन पंजाब रेजीमेंट सेंटर के प्रमुख ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल और सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद ने किया। इस दौरान सेना के 136 जवानों ने रक्तदान किया।

*******************

रांची रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर एक नाबालिग लड़की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से चेन्नई ले जा रहे थे।

*******************

राज्य के पलामू, गढ़वा और सरायकेला में लू का भीषण प्रकोप देखा जा रहा है। पलामू और गढ़वा में आज भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इन जिलों के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले 24 घंटे तक लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि फिलहाल मानसून की गति धीमी है लेकिन अगर इसमें तेजी आयी तो 16 जून को यह झारखंड में प्रवेश कर जायेगा।

*********समाप्त*********